# बिहार सरकार
# बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण
## (आपदा प्रबंधन विभाग)
## पंत भवन, द्वितीय तल, पटना–1
## विज्ञापन

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राज्य में आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं रोकथाम हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन एवं क्रियान्वयन किया जा रहा है। विभिन्न आपदाओं से बचाव की तैयारी एवं प्रत्युतर संबंधी सभी हितभागियों/संस्थाओं के माध्यम से नुक्कड़ नाटक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हेतु अपने नाटक के लिए थीम चुनने, पटकथा लिखने की प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

**<u>पटकथा लेखन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दिशा निर्देश–</u>**

पटकथा लेखन के लिए निम्नलिखित तकनीकी विशिष्टताओं की आवश्यकता है :–

- राज्य की आपदाओं से बचाव के उपाय सबंधी पटकथा को प्राथमिकता दी जाएगी।
- पटकथा हिन्दी, मैथिली, मगही, अंगिका और भोजपुरी में नुक्कड़ नाटक के लिए प्राप्त किये जायेंगे।
- पटकथा की रुपरेखा भेजने में किए गए कहानी/अनुभव के किरदारों का उल्लेख अवश्य करें।
- प्रत्येक प्रस्तुति 15 से 20 मिनट के लिए एवं प्रविष्टि अधिकतम 500 शब्दों में होना चाहिए।
- प्रत्येक प्रविष्टि के साथ निम्नलिखित जानकारी प्रेषित करें ।
- चयनित पटकथा को हिन्दी, मैथिली, मगही, अंगिका और भोजपुरी में प्रकाशित करने के लिए चयनित पटकथा लेखकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में अंतिम रूप दिया जाएगा।

| | |
|---|---|
| संस्था का पूरा नाम | |
| क्रियान्वयन क्षेत्र | |
| पता | |
| ई–मेल | |
| टेलीफोन/मोबाइल नंबर | |
| शीर्षक | |
| प्रविष्टि अधिकतम 500 शब्द में | |

<u>अन्य नियम और शर्तें –</u>

- यदि पटकथा संस्थान द्वारा भेजी जाती है तो उस संस्थान का निबंधन सूचना एवं जन–संपर्क विभाग/अन्य अधिकृत संस्थान से होना अनिवार्य होगा, जो कम–से–कम तीन वर्श पुराना हो।
- संस्थान का PAN एवं GSTN होना अनिवार्य है।
- संस्थान का नाम काली सूची में दर्ज नहीं है, इस आशय का शपथ पत्र देना होगा।
- पटकथा की हार्ड कॉपी एवं साफ्ट कॉपी की प्रति उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
- बिना काई कारण बताये विज्ञापन रद्द करने का अधिकार प्राधिकरण के पास होगा।
- पटकथा का उपयोग ऑनलाइन, प्रिंट मीडिया और जन जागरुकता पर किया जाएगा। पटकथा सरल, आकर्षक और रोमांचक तरीके से लिखा होना चाहिए तथा यह बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के कार्यों एवं गतिविधियों से संबंधित होना चाहिए।
- पटकथा की छपाई प्रारूप आसानी से आकार बदलने और काले व सफेद रंग में अच्छी तरह दिखना आवश्यक है। पटकथा के अंतिम संस्करण को उच्च गुणवत्ता वाले मुद्रण के लिए उपयुक्त होना चाहिए।
- प्रतिभागियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनकी प्रस्तुतियाँ उनका मूल कार्य हैं और अभी तक किसी अन्य संस्था द्वारा किसी अन्य उद्देश्य के लिए उपयोग नहीं किया गया है। बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण इस पटकथा के किसी भी दावे के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
- पटकथा में उपयोग किया जाने वाला कोई भी फॉन्ट, छवि और कोई अन्य डिजाइन तत्व कॉपीराइट से मुक्त होना चाहिए।
- पटकथा में और सुधार के लिए प्रवेशकों को बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ काम करने के लिए तैयार होना चाहिए। इन सुधारों में मामूली बदलाव और पटकथा को फिर से बनाना शामिल है।
- अस्वीकृत रचनाओं की वापसी का प्रावधान नहीं है।

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, द्वितीय तल, पंत भवन, नेहरू मार्ग, पटना– 800001 के कार्यालय में प्रविष्टियां विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 15वें दिन पाँच बजे तक जमा किया जा सकता है। जमा की गयी प्रविष्टियों की स्क्रीनिंग प्राधिकरण द्वारा गठित समिति के द्वारा किया जायेगा।

सचिव
बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना